# प्रेस नोट जनपद खीरी

**दिनाँक 02.10.2025**

**पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोदय के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में अपराध नियंत्रण व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के दौरान विगत 24 घंटे में जनपद के विभिन्न थानों द्वारा निम्न कार्यवाही की गयी।**

**पुलिस अधीक्षक खीरी द्वारा गाँधी जयंती के अवसर पर पुलिस लाइन खीरी में "राष्ट्रपिता महात्मा गांधी" व "पूर्व प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री" के चित्रों का लोकार्पण एवं माल्यार्पण कर समस्त पुलिस कर्मियों को शपथ दिलाई गई**







लखीमपुर खीरी, 02 अक्टूबर 2025 । आज "गांधी जयंती" के अवसर पर पुलिस लाईन्स खीरी में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक खीरी, श्री संकल्प शर्मा द्वारा "राष्ट्रपिता महात्मा गांधी" व "पूर्व प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री" के चित्रों का लोकार्पण एवं माल्यार्पण कर नमन किया गया । इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक द्वारा अपने उद्बोधन में इन महापुरुषों के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए राष्ट्र निर्माण में उनके अतुल्य योगदान को याद कर समस्त पुलिसकर्मियों को उनके सम्पूर्ण जीवन से प्रेरणा लेकर उनके द्वारा दिखाए गए सत्य, अहिंसा, सद्भाव, भाईचारा, परिश्रम व सदमार्ग के रास्ते पर चलने की प्रेरणा के साथ सभी पुलिसकर्मियों को राष्ट्र की एकता, अखंडता, संप्रभुता व सुरक्षा हेतु अपना योगदान करने की शपथ दिलाई गई । इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक, सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी सदर, प्रतिसार निरीक्षक खीरी आदि अधिकारीगण के साथ-साथ रिक्रूट आरक्षीगण तथा पुलिस लाईन व विभिन्न कार्यालयों के पुलिसकर्मी उपस्थित रहे ।

**पुलिस अधीक्षक खीरी द्वारा मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत व दशहरा एवं दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के अवसर पर पुलिस बल के साथ जनपद में भ्रमणशील रहकर फ्लैग मार्च किया गया**




लखीमपुर खीरी, 02 अक्टूबर 2025 । आज मिशन शक्ति अभियान व दशहरा एवं दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के अवसर पर एवं आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत सुरक्षा व्यवस्था को चुस्त दुरूस्त बनाये रखने हेतु पुलिस अधीक्षक खीरी, श्री संकल्प शर्मा द्वारा स्वयं पुलिस बल सहित जनपद में भ्रमणशील रहकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा प्रमुख मार्गों, बाजार, भीड़ वाले क्षेत्रों में शांति/सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था तथा जनमानस में सुरक्षा की भावना बनाये रखने के लिए फ्लैग मार्च कर आम जनमानस को सुरक्षा व्यवस्था का भरोसा दिलाया गया। साथ ही शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने के लिए प्रमुख क्षेत्रो में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किये जाने के साथ अधीनस्थों को कड़े निर्देश दिये गये।

**मिशन शक्ति फेस 5.0 अभियान के अंतर्गत थाना खीरी पर युवराज दत्त स्नातक महाविद्यालय लखीमपुर की कक्षा बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा सुश्री छाया वर्मा को "एक दिवसीय थाना प्रभारी खीरी" बनाया गया**




शासन के निर्देशानुसार मिशन शक्ति अभियान के पंचम चरण के अंतर्गत सशक्त नारी, समृद्ध प्रदेश मिशन शक्ति के तहत पुलिस अधीक्षक खीरी, श्री संकल्प शर्मा के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण व सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल मार्गदर्शन एवं थानाध्यक्ष खीरी के नेतृत्व में आज दिनांक 02.10.2025 को महिला सशक्तिकरण, सुरक्षा एवं आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने हेतु थाना खीरी, जनपद खीरी पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम के अंतर्गत युवराज दत्त स्नातक महाविद्यालय लखीमपुर की कक्षा बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा सुश्री छाया वर्मा को एक दिन का थाना प्रभारी खीरी जनपद खीरी बनाया गया । कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं एव बालिकाओं में आत्मविश्वास का संचार करना तथा समाज में महिला नेतृत्व को प्रोत्साहित करना रहा। छात्रा ने थाना परिसर का भ्रमण कर महिला शक्ति केन्द्र एवं महिला हेल्प डेस्क, कार्यालय अभिलेखों का निरीक्षण किया व थाने पर आने वाले फरियादियों की समस्याओं को सुनकर उनकी समस्या के त्वरित निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। थाना प्रभारी के रूप में छात्रा ने नारी सुरक्षा एवं सशक्तिकरण पर अपने विचार व्यक्त किए तथा बालिकाओं एवं महिलाओ से आत्मनिर्भर एवं आत्मविश्वासी बनने का आह्वान किया। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारीगण, विद्यालय प्रतिनिधि एवं क्षेत्र की महिलाओ को शासन द्वारा संचालित महिला सुरक्षा संबंधी विभिन्न सेवाओं की भी जानकारी दी गई। इन सेवाओं का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को सुरक्षित वातावरण प्रदान करना एवं किसी भी आपात स्थिति में त्वरित सहायता उपलब्ध कराना है-

1930 - साइबर क्राइम हेल्पलाइन ऑनलाइन ठगी या साइबर अपराध की शिकायत हेतु
1098 - चाइल्ड हेल्पलाइन
1090 - वीमेन पावर लाइन
1076 - मुख्यमंत्री हेल्प लाइन
112 - आपातकालीन पुलिस सेवा
101 - अग्निशमन सेवा
108 - एम्बुलेंस सेवा

यह पहल शासन की मंशा के अनुरूप महिला सशक्तिकरण, नारी सुरक्षा एवं बालिकाओं में आत्मविश्वास जागृत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। पुलिस विभाग द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम समाज में महिला सम्मान एवं सुरक्षा के संदेश को और अधिक सशक्त रूप से प्रसारित करेगा।

**मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अन्तर्गत थाना कोतवाली सदर एण्टीरोमियो टीम द्वारा, लड़कियों/महिलाओं पर अश्लील फब्तियां कसने तथा उनके मोबाइल नं0 मांगने वाले 01 नफर अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया**



पुलिस अधीक्षक खीरी, श्री संकल्प शर्मा द्वारा जनपद खीरी में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा एवं स्वावलंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल मार्गदर्शन में एवं प्रभारी निरीक्षक कोतवाली सदर के नेतृत्व में आज दिनांक- 02.10.2025 को थाना कोतवाली सदर एण्टीरोमियो टीम द्वारा, भ्रमण के दौरान लड़कियो व महिलाओ से अश्लील फब्तिया कसना तथा उनका मोबाइल नं0 मांगने वाले अपराधी राजीव शुक्ला पुत्र सोमदत्त शुक्ला निवासी ग्राम बरखेङवा थाना फरधान जनपद खीरी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 0814/2025 धारा 296 बीएनएस पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

1.राजीव शुक्ला पुत्र सोमदत्त शुक्ला निवासी ग्राम बरखेङवा थाना फरधान जनपद खीरी उम्र करीब 34 वर्ष

## गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

1. म0उ0नि0 स्नेहा मौर्या को0 सदर जनपद लखीमपुर खीरी
2. हे0का0 रामभवनको0 सदर जनपद लखीमपुर खीरी
3. हे0का0 राम नरेशको0 सदर जनपद लखीमपुर खीरी
4. म0का0 प्रियाको0 सदर जनपद लखीमपुर खीरी

**मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अन्तर्गत थाना कोतवाली सदर एण्टीरोमियो टीम द्वारा, लड़कियों/महिलाओं पर अश्लील फब्तियां कसने तथा उनके मोबाइल नं0 मांगने वाले 01 नफर अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया**



पुलिस अधीक्षक खीरी, श्री संकल्प शर्मा द्वारा जनपद खीरी में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा एवं स्वावलंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल मार्गदर्शन में एवं प्रभारी निरीक्षक कोतवाली सदर के नेतृत्व में आज दिनांक- 02.10.2025 को थाना कोतवाली सदर एण्टीरोमियो टीम द्वारा, भ्रमण के दौरान लड़कियो व महिलाओ से अश्लील फब्तिया कसना तथा उनका मोबाइल नं0 मांगने वाले अपराधी संदीप कुमार पाल पुत्र बहोरीलाल पाल निवासी बालूडीहा महेवागंज थाना को0 सदर जनपद लखीमपुर खीरी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 0813/2025 धारा 296 बीएनएस पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

संदीप कुमार पाल पुत्र बहोरीलाल पाल निवासी बालूडीहा महेवागंज थाना को0 सदर जनपद लखीमपुर खीरी

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

1. म0उ0नि0 तृप्ति को0 सदर जनपद लखीमपुर खीरी
2. म0का0 शिवानी पालको0 सदर जनपद लखीमपुर खीरी
3. का0 राहुल सोनकर को0 सदर जनपद लखीमपुर खीरी
4. का0 जोगिन्दरथाना को0 सदर जनपद लखीमपुर खीरी

**मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अन्तर्गत थाना सम्पूर्णानगर महिला शक्ति टीम टीम द्वारा, बसही मेला व ग्राम नौगवा में लड़कियों/महिलाओं को जागरूक किया गया**




पुलिस अधीक्षक खीरी, श्री संकल्प शर्मा द्वारा जनपद खीरी में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा एवं स्वावलंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी पलिया के कुशल मार्गदर्शन में एवं थानाध्यक्ष सम्पूर्णानगर के नेतृत्व में आज दिनांक- 02.10.2025 को थाना सम्पूर्णानगर की महिला शक्ति टीम द्वारा, भ्रमण के दौरान बसही मेला एवं ग्राम नौगवां में मिशन शक्ति अभियान चलाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक करते हुये अपराधों से उनकी सुरक्षा और उनके अधिकारों के बारे में अवगत कराया गया। महिलाओं एवं बालिकाओं को प्रमुख कानूनो एंव गरिमा के विरूद्ध प्रमुख अपराधों का जानकारी देते हुये विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी एवं महिला हिंसा से सम्बन्धित तथा अन्य शिकायतों के निवारण हेतु हेल्पलाइन नम्बरो के सम्बन्ध में जानकारी दी गई।

**मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अन्तर्गत थाना निघासन महिला शक्ति टीम द्वारा, दुर्गा पूजा पंडाल रकेहटी में लड़कियों/महिलाओं को जागरूक किया गया**





पुलिस अधीक्षक खीरी, श्री संकल्प शर्मा द्वारा जनपद खीरी में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा एवं स्वावलंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी निघासन के कुशल मार्गदर्शन में एवं प्रभारी निरीक्षक निघासन के नेतृत्व में आज दिनांक- 02.10.2025 को थाना निघासन की महिला शक्ति टीम द्वारा, भ्रमण के दौरान दुर्गा पूजा पंडाल रकेहटी में मिशन शक्ति अभियान चलाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक करते हुये अपराधों से उनकी सुरक्षा और उनके अधिकारों के बारे में अवगत कराया गया। महिलाओं एवं बालिकाओं को प्रमुख कानूनो एंव गरिमा के विरूद्ध प्रमुख अपराधों का जानकारी देते हुये विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी एवं महिला हिंसा से सम्बन्धित तथा अन्य शिकायतों के निवारण हेतु हेल्पलाइन नम्बरो के सम्बन्ध में जानकारी दी गई।

# मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अन्तर्गत थाना ईसानगर महिला शक्ति टीम द्वारा, नारीबेहड़ घाट पर मूर्ति विसर्जन में आयी लड़कियों/महिलाओं को जागरूक किया गया

पुलिस अधीक्षक खीरी, श्री संकल्प शर्मा द्वारा जनपद खीरी में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा एवं स्वावलंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी धौरहरा के कुशल मार्गदर्शन में एवं प्रभारी निरीक्षक ईसानगर के नेतृत्व में आज दिनांक- 02.10.2025 को थाना ईसानगर की महिला शक्ति टीम द्वारा, नारीबेहड़ घाट पर मूर्ति विसर्जन में आयी हुई महिलाओं एवं बालिकाओं को मिशन शक्ति अभियान चलाकर महिला सशक्तिकरण, सम्मान व बच्चो की सुरक्षा के उद्देश्य से जागरूक करते हुये अपराधों से उनकी सुरक्षा और उनके अधिकारों के बारे में अवगत कराया गया। महिलाओं एवं बालिकाओं को प्रमुख कानूनो एंव गरिमा के विरूद्ध प्रमुख अपराधों का जानकारी देते हुये विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी एवं महिला हिंसा से सम्बन्धित तथा अन्य शिकायतों के निवारण हेतु हेल्पलाइन नम्बरो के सम्बन्ध में जानकारी दी गई।

**मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अन्तर्गत थाना कोतवाली सदर महिला शक्ति टीम द्वारा, संकटा देवी मन्दिर प्रांगण में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन में मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को जागरूक किया गया**



पुलिस अधीक्षक खीरी, श्री संकल्प शर्मा द्वारा जनपद खीरी में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा एवं स्वावलंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल मार्गदर्शन में एवं प्रभारी निरीक्षक कोतवाली सदर के नेतृत्व में आज दिनांक- 02.10.2025 को थाना कोतवाली सदर की महिला शक्ति टीम द्वारा, मिशन शक्ति अभियान चलाकर संकटा देवी मंदिर प्रांगण में दुर्गा मूर्ति विसर्जन में आई सभी महिलाओं एवं बालिकाओं को महिला सशक्तिकरण, सम्मान व बच्चो की सुरक्षा के उद्देश्य से जागरूक करते हुये अपराधों से उनकी सुरक्षा और उनके अधिकारों के बारे में अवगत कराया गया। महिलाओं एवं बालिकाओं को प्रमुख कानूनो एंव गरिमा के विरूद्ध प्रमुख अपराधों का जानकारी देते हुये विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी एवं महिला हिंसा से सम्बन्धित तथा अन्य शिकायतों के निवारण हेतु हेल्पलाइन नम्बरो के सम्बन्ध में जानकारी दी गई।

**<u>मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अन्तर्गत थाना पसगवाँ महिला शक्ति टीम द्वारा, रामलीला मैदान में मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को जागरूक किया गया</u>**




पुलिस अधीक्षक खीरी, श्री संकल्प शर्मा द्वारा जनपद खीरी में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा एवं स्वावलंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी धौरहरा के कुशल मार्गदर्शन में एवं प्रभारी निरीक्षक धौरहरा के नेतृत्व में आज दिनांक- 02.10.2025 को थाना धौरहरा की महिला शक्ति टीम द्वारा, मिशन शक्ति अभियान चलाकर रामलीला मैदान कस्बा धौरहरा में महिलाओं एवं बालिकाओं को महिला सशक्तिकरण, सम्मान व बच्चो की सुरक्षा के उद्देश्य से जागरूक करते हुये अपराधों से उनकी सुरक्षा और उनके अधिकारों के बारे में अवगत कराया गया। महिलाओं एवं बालिकाओं को प्रमुख कानूनो एंव गरिमा के विरूद्ध प्रमुख अपराधों का जानकारी देते हुये विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी एवं महिला हिंसा से सम्बन्धित तथा अन्य शिकायतों के निवारण हेतु हेल्पलाइन नम्बरो के सम्बन्ध में जानकारी दी गई।

**<u>अवैध शराब के विरूद्ध कार्यवाही; विगत 24 घंटे में 95 लीटर अवैध शराब व 01 अदद शराब भट्ठी बरामद कर 05 नफर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया</u>**

पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी, श्री संकल्प शर्मा के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निकट पर्यवेक्षण में जनपद खीरी में अवैध शराब के निष्कर्षण, बिक्री व परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत विगत 24 घंटों में जनपद खीरी के विभिन्न थानों द्वारा कार्यवाही करते हुए **<u>95 लीटर अवैध कच्ची शराब व 01 अदद शराब भट्ठी</u>** बरामद कर **<u>05</u>**

**नफर** अभियुक्तों को गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम के अंतर्गत **05अभियोग** पंजीकृत किये गये।